## खबर संक्षेप

### हीरापुर कौड़िया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आज

**कटनी।** विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़यिा में बुधवार 28 मई को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर श्री यादव जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### 1614 विद्यार्थियों को मिलेंगे 25 हजार रूपये

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. द्वारा आयोजित हायर सेकण्डरी परीक्षा सत्र-2025 में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक अर्जित करने वाले जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण विद्यार्थियो को शिक्षण संचालनालय द्वारा प्राप्त सूची अनुसार 1614 विद्यार्थियो को प्रतिभाशाली छात्र प्रोत्साहन योजना अंतर्गत लेपटाप क्रय हेतु 25 हजार रुपये की राशि डी.बी.टी. योजना से प्रदान की जाना है। यह जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह द्वारा दी गई है।

### जनपद बड़वारा मे कार्यशाला आयोजित

**कटनी।** जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत बड़वारा में सभी सरपंचों, सचिवों एवं रोजगार सहायकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला मे जनपद पंचायत बड़वारा के सभी उपयंत्री भी मौजूद रहे। कार्यशाला के दौरान जनपद पंचायत बड़वारा के सीईओ प्रदीप सिंह ने सभी ग्राम पंचायतों को अवगत कराया कि सभी जलसंरचनाओं का निर्माण सिपरी सॉफ्टवेयर से ही होगा। सेक्टर उपयंत्री सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए खेत तालाब के चयनित हितग्राहियों का निर्माण कार्य करवाएंगे। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजीत सिंह ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतें हितग्राहियों से नियमित संवाद कर अभियान के महत्व के बारे मे अवगत करवायें। वहीं सहायक यंत्री आर बी सिंह ने कार्यशाला में सभी को सॉफ्टवेयर के बारे मे विस्तार से अवगत करवाया।

### शासकीय आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया हुई प्रारंभ

**कटनी।** राज्य के सभी शासकीय एवं प्राइवेट आईटीआई में संचालित एनसीवीटी एवं एससीवीटी पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के पोर्टल www.dsd.mp.gov.in पर 'प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2025' पर जाकर 31 मई तक रजिस्ट्रेशन एवं च्वाईस फिलिंग कर सकते हैं। आईटीआई में प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक 31 मई तक रजिस्ट्रेशन, च्वाइस फिलिंग एवं रजिस्ट्रेशन उपरांत त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके उपरांत 5 जून को कामन रैंक आवेदकों के लॉगिन पर प्रदर्शित की जायेगी तथा कामन रैंक में यदि प्राप्तांकों में त्रुटि हो तो इसमें सुधार हेतु आवेदक रजिस्ट्रेशन क्रमांक एवं संबंधित अंकसूची mpiti-counseling2025@gmial.com के माध्यम से शाम 5 बजे तक त्रुटि सुधार करवा सकेंगे। 16 जून को प्रथम चयन सूची डिस्प्ले होगी तथा एसएमएस के द्वारा आवेदकों को सूचित किया जाएगा। 18 जून से 20 जून तक चयनित आवेदकों को आवंटन पत्रों की ऑनलाईन उपलब्धता, आवंटित संस्था में उपस्थिति एवं मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर प्रवेश दिया जाएगा।

---

**पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक महत्व वाली धरोहरों को संरक्षित करने में बेरूखी**

# उपेक्षा की शिकार ऐतिहासिक धरोहरें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के विजयराघवगढ़, रीठी, बिलहरी क्षेत्र में ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व वाली धरोहरें बिखरी पड़ी है। स्थानीय स्तर पर इन धरोहरों को सहेजने एवं संरक्षित करने के लिए खास दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही हैं। जिले में ऐसे कई ऐतिहासिक धरोहर व विरासत हैं जो पर्यटन के क्षेत्र में जिले को देश के नक्शे पर प्रमुख स्थान पर ला सकती हैं। इन स्थानों को चिह्नित कर टूरिस्ट सर्किट के रूप में विकसित करने की जरूरत है जिससे न सिर्फ रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे बल्कि पर्यटन क्षेत्र में भी बढ़ावा मिलेगा।

विजयराघवगढ़ तहसील अंतर्गत कारीतलाई में विष्णु वराह मंदिर भव्यता के साथ पुरातात्तिवक महत्व लिए हुए है। यहां 493 ईस्वी के अवशेष विद्यमान हैं। भगवान गणेश, विष्णु-वाराह, शिव-पार्वती की प्रतिमाएं, गोड़ों की प्राचीन बस्ती, विस्तीर्ण तालाब, प्राचीन पाठशाला, स्मारक संग्रहालय है। यहां खुदाई में मिले शिलालेख रायपुर संग्राहालय, रानीदुर्गावती संग्राहालय जबलपुर व ग्वालियर में संरक्षित हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि कारीतलाई का यह स्थान देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शुमार हो सकता है। यहां कल्चुरी कॉलीन अवशेषों के साथ ही जमीन के अंदर अमूल्य विरासत दबी हुई है। कुछ वर्ष पहले खुदाई में एक बावली मिली थी। यहां आसपास मूर्तियां बिखरी पड़ी है। कुछ मूर्तियों को कक्ष के अंदर रखा गया जिसे लोगों के देखने के लिए बाहर रखा जाना चाहिए। संरक्षण के अभाव में लोग पत्थरों को ले जा रहे हैं।

इसी तरह बहोरीबंद तहसील क्षेत्र में रूपनाथ मंदिर स्थित सम्राट अशोक के संदेश देती शिलालेख तो इस स्थान को दुनियाभर के चुनिंदा स्थानों पर ला खड़ा करती है। दुनियाभर में ऐसे 40 शिलालेख मिले हैं। इनमें से एक कटनी जिले के बहोरीबंद के रूपनाथ धाम में है। इसमें बौद्ध धर्म की बारीकियों पर कम और मनुष्यों को आदर्श जीवन जीने की सीखें अधिक मिलती हैं। यह हमारी अमूल्य धरोहर है।

### स्थानीय स्तर पर उपेक्षा, बाहर संग्रहालयों में बढ़ा रही शोभा

जिले से मिले हुई प्राचीन और नायाब शिल्प वाली प्रतिमाओं को सहेजने पहल भले ही नहीं गई है लेकिन कटनी की प्रतिमाएं को जिले से बाहर जरूर कई बार भेजा गया है। जिले में खुदाई के दौरान निकले बेशकीमती व पुरातात्विक महत्व वाली प्रतिमाएं जबलपुर, नागपुर, रायपुर, कलकत्ता व ग्वालियर स्थित संग्रहालयों की शोभा बढ़ा रही हैं।

### कलेक्टर ने ये दिए थे निर्देश

जिले मे पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 17 मार्च को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई थी जिसमें जिले के ऐतिहासिक, पुरातात्विक और पर्यटन सुविधाओं के विकास एवं विस्तार के नजरिये से इन स्थलो पर समेकित जानकारी प्रर्दशित करने वाले सूचना पटल लगाये जाने का निर्णय लिया गया था। जिले के प्रमुख पुरातात्विक स्थलों कारीतलाई के विष्णु वराह मंदिर, विजयराघवगढ़ में कछुआ और मछली जिसे स्थानीय तौर पर कच्छा और मच्छा जैसे स्थलों में संकेतक लगानें और इनके पुनरूद्धार कार्य पर चर्चा की गई थी। वहीं बहोरीबंद में माता कंकाली देवी, रीठी तहसील के बिलहरी में विष्णु वराह मंदिर, तापसी मठ और बड़गांव में सोमनाथ मंदिर सहित बहोरीबंद में रूपनाथ शिव मंदिर, सम्राट अशोक के शिलालेख और रीठी मे कियान नदी के किनारे स्थित मंदिरों, प्राचीन माउंड ककरेहटा, नन्हवारा का शंकर जी का मंदिर आदि पुरातात्विक एवं पर्यटन स्थलों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई थी।

बैठक में कंकाली देवी मंदिर के समीप पार्किंग विकास, शौचालय निर्माण और पेयजल हेतु बोरवेल सुविधा के विकास के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्णय हुए। इसके अलावा बिलहरी में लड़ाकी का टीला और कारीतलाई एवं कंकाली देवी माता मंदिर में कलाकृतियों के प्रदर्शन हेतु शेड निर्माण सहित इनके टच स्क्रीन सुविधा युक्त डिजिटल डिसप्ले व्यवस्था करानें के निर्देश कलेक्टर ने दिये थे।

---

# पकड़ा गया वाहन चोर, चोरी की 2 मोटर साइकिलें बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सिलौडी चौकी पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले बदमाश को अपनी गिरफ्त में लिया है। बदमाश के पास से चोरी की 2 मोटर सायकिल भी बरामद की गई है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के मार्ग दर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद प्रभात शुक्ला के निर्देशन में की गई है। मोटर सायकिल चोरी के प्रकरण में आरोपी सुनील कोल पिता जवाहर कोल 25 साल निवासी ग्राम पडरिया थाना ढीमरखेडा को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के मुताबिक गत 26 मई 25 को राहुल पाल पिता श्यामलाल पाल उम्र 23 निवासी ग्राम सिलौडी जिला कटनी ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि विगत 18 मई 25 को वह अपनी बुआ के लडके प्रवीण की शादी में ग्राम लालपुर प्रवीण की मो.सा. MP20NS5035 को लेकर गया था। रात्रि करीब 11 बजे मो.सा. को अपनी ससुराल ग्राम हरदुआ में घर के बाहर खडा कर दिया था। रात में करीब आधा पौन घंटे बाद जब वह बाहर आया तो देखा मो.सा. नही थी। कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश की गई। गत 26 मई 25 को आरोपी सुनील कोल पिता जवाहर कोल उम्र 25 साल निवासी ग्राम पडरिया थाना ढीमरखेडा से कडाई से पूछताछ की गई। जिसने ग्राम लालपुर से मो.सा. क MP20NS5035, एंव अन्य स्थान से मो.सा. क. MP21MA8157 चोरी करना स्वीकार किया। चोरी की गई दो मोटर सायकिल क. (1).MP20NS5035 एवं MP21MA8157 आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। कार्यवाही मे थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद, उनि विष्णुशंकर जायसवाल, प्र.आर. अतुल शर्मा, प्र.आर. मंगल विश्वकर्मा, आर. धर्मवीर सिंह, आर. रामसेवक विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा।

---

*अस्थाई अतिक्रमण के विरूद्ध नगर निगम ने चलाया अभियान*

# फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वाले 29 दुकानदारों से वसूला 5800 रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर की सुगम यातायात व्यवस्था के मद्देनजर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नगर निगम के अतिक्रमण दल को नगर के मुख्य मार्गो सहित बाजार क्षेत्र की सड़क के किनारे अस्थाई अतिक्रमण कर आवागमन व यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ताकि यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जा सके।

उक्त निर्देशो के क्रम में सोमवार को ट्रैफिक पुलिस व नगर निगत अतिक्रमण प्रभारी शमानेन्द्र सिंह के संयुक्त मार्गदर्शन में चांडक चैक से बस स्टैंड तक पैदल मार्च करते हुए मार्ग में अस्थाई अतिक्रमण करने वालो के विरुद्ध अभियान चलाकर जुर्माने की कार्यवाही की गई।

अभियान के दौरान सड़क किनारे फुटपाथों व दुकानों के बाहर मुख्य मार्गो पर अस्थाई अतिक्रमण कर यातायात को बाधित कर व्यवसाय करने वाले 29 दुकानदारों के विरुद्ध अतिक्रमण अमले द्वारा 5 हजार 800 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही के दौरान दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर लगाई गई सामग्री को भी जब्त किया गया।

अतिक्रमण प्रभारी श्री मानेन्द्र सिंह ने बताया है कि आयुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देशानुसार नगर के मुख्य मांगों पर दुकान के आगे फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों,ठेला वालों एवं रोड पर बाइक रिपेयरिंग करने वालों को सख्त हिदायत देकर जुर्माने की कार्यवाही की गई है।

इसके पूर्व भी नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों पर पैदल मार्च करते हुए 26 लोगों पर 5200 रुपये की चालानी कार्यवाही की गई थी। नगर की सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए आगे भी यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

उक्त कार्यवाही के दौरान निगम की अतिक्रमण टीम के सदस्यों सहित ट्रैफिक पुलिस की टीम भी मौजूद रही।

---

## पूजा कर मांगी क्षेत्र की खुशहाली एवं अच्छी बारिश



वट सावित्री अमावस्या के मौके पर उमरियापान के छिंदहाई भटिया में मातारानी के दर्शन करने सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने मातारानी का पूजन कर क्षेत्र के सुख समृद्धि,खुशहाली और अच्छी बारिश की कामना किया।मातारानी के दरबार में पंडा पुजारियों ने भाव खेला और श्रद्धालुओं की अर्जी सुनी। श्रद्धालुओं ने भटिया में गक्कड़,भर्ता, आम का पना आदि स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर भोजन किया। मातारानी का प्रसाद भी ग्रहण किया।इस मौके पर महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा किया। महिलाओं ने व्रत रखकर वट वृक्ष की परिक्रमा की और पूजन के बाद जल अर्पण किया।पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष को भोग लगाया।इसके बाद महिलाओं ने अपने व्रत का समापन किया।

---

# सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



उमरियापान ऑपरेशन सिंदूर की विजय और भारतीय सेना के सम्मान में उमरियापान में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। सेना के सम्मान में, हम सब मैदान में बैनर के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा में भाजपा और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी, व्यापारी एवं समाजसेवियों ने हाथ में तिरंगा लेकर बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

उमरियापान के बड़ी माई मंदिर से शुरू हुई तिरंगा झंडा चौक, न्यू बस स्टैंड से होते हुए आजाद चौक पर पहुंची।जहाँ पर भारत माता की तश्वीर और क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। राष्ट्रीय गान के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। तिरंगा यात्रा में शामिल युवाओं और वरिष्ठों ने भारत माता की जय, तिरंगे झंडे की जय,वंदे मातरम, भारतीय सेना जिंदाबाद का जयघोष किया। उमरियापान भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने कहा कि पहलगाम हमले में निर्दोष पर्यटकों को मारने वाले आतंकियों का खात्मा करके भारतीय सेना ने पूरे विश्व में देश का गौरव बढ़ाया हैं।

इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री विजय दुबे,सिलौंडी मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी, राजा चौरसिया,राजेश ब्यौहार,ललित गौतम,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शुशांक चौरसिया, मंडल महामंत्री अंकित झारिया, धर्मेन्द्र गौतम,प्रखंड अध्यक्ष ऋषभ ब्यौहार, जगन्नाथ मांझी,सत्य नारायण पांडे,संदीप सोनी,कैलाश साहू, जयपाल सिंह,प्रमोद असाटी, राजू गर्ग आदि मौजूद रहे।

---

*अवयस्क के विवाह की जानकारी मिलने पर पहुंचे अधिकारी*

# छोटी करहिया में हो रहा था बाल विवाह, प्रशासनिक अमले ने पहुंचकर रूकवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के विकासखंड रीठी के ग्राम छोटी करहिया ग्राम पंचायत करहिया नंबर 1 में प्रशासनिक अधिकारियों को चाइल्ड हेल्पलाइन वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से अवयस्क बालिका के बाल विवाह होने की जानकारी प्राप्त हुई। इस बाल विवाह को महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम की सक्रियता से रोका गया

रीठी की परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास ने बताया कि 25 एवं 26 मई को चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से अवयस्क बालिका के विवाह की जानकारी मिली। इसकी जांच के दौरान पाया गया कि अवयस्क बालिका की कक्षा 11वीं की अंकसूची के आधार पर उम्र 17 वर्ष 7 माह है। इसके बाद महिला बाल विकास के अमले ने जिसमें पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल थे। उन लोंगो ने अवयस्क बालिका के माता-पिता को समझाईश दी कि बालिका अभी अवयस्क है। 18 वर्ष के पूर्व विवाह करना कानूनी अपराध है। बाल विवाह रोकथाम अधिनियम की धारा 9, 10, 11 एवं 13 के तहत बाल विवाह कराने, सहयोग देने वाले व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था व सामाजिक संगठन के लिए 2 वर्ष का कारावास अथवा 1 लाख रूपये का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। परिजनों को यह भी बताया गया कि विवाह के लिए सेवा प्रदाता को भी बाल विवाह का सहयोगी माना जाएगा और बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के अंतर्गत विधि संगत धाराओं के तहत कार्यवाही की जाएगी। महिला बाल विकास विभाग के मैदानी अमले द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए पंचनामा प्रतिवेदन तैयार कर मौके पर अवयस्क बालिका के माता-पिता, मामा-मामी, और नाना-नानी को समझाईश दी गई। की टीम को अवयस्क बालिका के माता-पिता और नाना-नानी ने लिखित रूप से वचन दिया कि वे बालिका की उम्र 18 वर्ष जब तक पूर्ण नहीं हो जाती, तब तक शादी नहीं करेंगे।

---

**जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 180 आवेदकों की समस्याएं**

# विमं ने विद्युत चोरी का बनाया झूठा प्रकरण, दिलाये कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान यहां पहुंचे 180 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। साथ ही अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर तहसील, विकासखंड और ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

जनसुनवाई में ज्यादातर आवेदन मांगों से संबंधित रहे। इसके अलावा राजस्व और बिजली की समस्याओं सहित पेयजल से संबंधित समस्याएं प्रमुखता से रहीं।

इस दौरान सभी विभागों के जिला अधिकारी, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, प्रमोद चतुर्वेदी एवं ज्योति लिल्हारे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम बिलहरी निवासी विरेन्द्र कुमार पटेल पिता रामकुमार पटेल ने आवेदन देते हुए कहा कि मेरा खेत ग्राम कारीतलाई ग्राम पंचायत वडखेरा के अंतर्गत आता है। इसमें मैं खेत तालाब का निर्माण कराना चाहता हूँ। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने जनपद सीईओ को निश्चित समय-सीमा में शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

### विद्युत कनेक्शन दिलवाये

नयागांव एनकेजे निवासी आशीष जायसवाल पिता काशी प्रसाद ने आवेदन देते हुए कहा कि दिसंबर 2021 में बिजली विभाग द्वारा मुझ पर बिजली चोरी का आरोप लगाकर मेरा कनेक्शन काट दिया गया था। साथ ही मेरे विरूद्ध विद्युत अधिनियम की धारा लगाकर न्यायालय में मुकदमा चलाया गया। मेरे ऊपर लगाये गये आरोप प्रमाणित नहीं हुए तथा मुझे न्यायालय द्वारा दोषमुक्त कर दिया गया। इसलिए मुझे पुन। विद्युत कनेक्शन दिलाया जाये। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने बिजली विभाग को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

आयुष्मान कार्ड बनवाये

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी अशोक कुमार भेरवानी ने बताया कि मैंने आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु सिविल हॉस्पिटल में आवेदन दिया था। आवेदन देने के 4 माह बीत जाने पर भी मेरा आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने सीएमएचओ को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

### योजनाओं का लाभ दिलायें

विकासखंड रीठी के ग्राम कुडो निवासी राजलक्ष्मी आदिवासी पति खंडारा आदिवासी ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरे दो पुत्र एवं एक पुत्री है। हमारा परिवार मेहनत-मजदूरी करके जीवनयापन करता है। मेरे पास रहने के लिए मकान नहीं है न ही शासन की किसी योजना का लाभ मिल रहा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने रीठी जनपद पंचायत के सीईओ को पात्रतानुसार शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

---

# अहिल्याबाई के जीवन दर्शन पर प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन पर आधारित भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।छात्र छात्राओं को देवी अहिल्याबाई के जीवन दर्शन पर आधारित वीडियो को दिखाई गई।भाषण प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा रेशमा ने प्रथम लक्ष्मी ने द्वितीय और प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार चित्रकला प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र अभिषेक ने पहला बीए प्रथम वर्ष के छात्र दीनदयाल ने दूसरा और बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा रेशमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्राचार्य रजनीश कुमार कुशवाहा ने कहा कि प्रशासनिक कार्य कुशलता,नेतृत्व क्षमता,विश्व शांति व बंधुत्व,धर्म व कल्याण,मानवता जैसे सर्वोपरि व्यक्तित्व के कारण देवी अहिल्याबाई को लोकमाता का दर्जा दिया गया है।लोकमाता के जीवन दर्शन से अपने व्यक्तित्व विकास व राष्ट्र प्रेम की शिक्षा प्राप्त होती है।इस मौके पर डॉ. मनीष व्यास, डॉ. स्मिता परसाई, पुष्पेन्द्र सिंह लोधी, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, युवराज तिवारी सहित अन्य की सहभागिता रही।

**खबर संक्षेप**

## मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**पथरिया।** अखिल भारतीय पाल महासभा तहसील पथरिया अध्यक्ष कुंजीलाल पाली द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम पथरिया को ज्ञापन सौंपा जिसमें समाज की शिरोमणि लोकमाता पूज्यनीय देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में देवी अहिल्याबाई होलकर की भव्य प्रतिमा,पार्क एवं आधुनिक सभा भवन नवीन बस स्टैंड दमोह व नवीन तहसील परिसर पथरिया में स्थापित कर समाज के सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों को संचालन के लिए एक सभा भवन सर्वसुविधायुक्त निमार्ण प्रत्येक जिला तहसील मुख्यालय के प्रमुख चौराहों पर मूर्ति स्थापित कर समाज को उपकृत करने की कृपा करेंगे।

## जनसुनवाई में आए 13 आवेदन

**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 13 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम द्वारा जिला मुख्यालय पर पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

## ईव्हीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने मंगलवार को राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान इंडियन नेशनल कांग्रेस से राजेश तिवारी एवं सरदार सिंह यादव, बहुजन समाज पार्टी से चौधरी एस.बी. रमन सहित अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र, उमाशंकर दुबे भी उपस्थित रहे।

## चाचा नहेरू जी का किया पुण्यस्मरण

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस सेवादल ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर नेहरू पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि करते हुए उनके द्वारा देशहित में किये गये कार्यो का पुस्मरण किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि चाचा नेहरू जब प्रधानमंत्री बने तब इस देश में सुई भी नहीं बनती थी उस समय उन्होनें बड़े बड़े कारखाने प्लांट खुलवाये जो आज भी चलायमान है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता ने विज्ञान और प्रोद्योगिकी की दिशा में अनेकों कार्य किये। जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजय चौरसिया ने कहा कि नहेरू जी को विदेश नीति के जनक के रूप में जाना जाता है उन्होंने गुट निरपेक्ष आंदोलन की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परम यादव, आशीष पटैल, रजनी ठाकुर वीरेन्द्र चौबे प्रफुल्ल श्रीवास्तव, बबलू भटट, बसंत कुशवाहा, पप्पू कसोटया, कमला निषाद, सुरेन्द्र हजारी, एम.एस. राही, धर्मेन्द्र सोनी, प्रमेश सीरोठिया, डिम्पल सेन, अरविन्द अवस्थी, शैलेन्द्र सिंह ने भी पुष्पांजली अर्पित करते हुए कहा कि उस वक्त के राजनेताओ में सादगी थी देश हित में कुछ करने का जुनून था आज के नेता सदभावना की नहीं दुरभावना की राजनीति करने में लगे है इस अवसर पर गीता लोधी, प्रदीप अहिरवार, खिल्लू ठाकुर, चिन्टू ठाकुर, धर्मेन्द्र लोधी, सतोष अहिरवार, ललित चौरसिया, लक्ष्मण चौरसिया, हेमराज पार्षद, अकील खान सहित अनेको कांग्रेस जनो की उपस्थिति रही।

### नहीं हुआ सुधार कार्य, 4 गांव का आवागमन बंद

# तीन वर्षों से टूटा पड़ा शून्य नदी पर बना पिपरिया नवल स्टाप डेम-कम-रपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



ग्राम पिपरिया नवल में स्टाफ डैम पुल के टूटने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। यह पुल शून्य नदी पर बना था और तेरह गांवों को मुख्य मार्ग 17 मील से जोड़ता था। पुल के टूटने से स्कूली बच्चों और गांव के पशुओं का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है। ग्रामीणों ने जबेरा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि और अन्य अधिकारियों को सूचित किया है, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है। पुल के टूटने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है, खासकर स्कूली बच्चों और गांव के पशुओं को। क्षतिग्रस्त पुल के कारण अनजान वाहन या व्यक्ति की दुर्घटना कभी भी हो सकती है। स्टाफ डैम कम रपटा टूटने से ग्रामीणों को अब 10 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है , इसलिए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से पुल की मरम्मत जल्द कराने की मांग की है। बता दें तीन वर्ष पहले शून्य नदी मे आई तेज बाढ़ के चलते पिपरिया नवल में शून्य नदी पर बना स्टाप डेम कम रपटा पुल टूट गया था कप्तान सिंह कल्लू सिंह मर्दन ठेकेदार राजाराम चन्नू सिंह बबलू रजक रुब्बी रैकवार वीरन सिंह स्थानीय लोगों ने बताया 3 वर्ष पूर्व नदी में आई बाढ़ व बहाव की बजह स्टाप डेम रपटा का अधिकांश हिस्सा टूट कर बह गया जिसकी वजह दर्जनों गांवों मुख्य सड़क तक जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है और तो और पिपरिया नवल कुछवारे और तीन वर्षों से हिनौती आजम 3 गांव का संपर्क टूट हुआ है और लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष डॉ सुजान सिंह किसान मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से पिपरिया नवल स्टाफ डैम कम रपटा की मरम्मत की मांग करते हुए उन्होंने बताया बीते 3 वर्ष से स्टॉप डैम टूटा पड़ा है इसकी मरम्मत न होने के कारण बड़ी दुर्घटना हो सकती है इसलिए जल्द से जल्द मरम्मत करने की आवश्यकता है। ताकि ग्रामीणों को आवागमन की परेशानी से मुक्ति मिल सके और दुर्घटना की संभावनाओं को कम किया जा सके।

## आऊटसोर्स कर्मचारियों को परिवर्तनशील महंगाई भत्ते सहित वेतन 01 अप्रैल 2024 से प्रदान करें

दमोह। उच्च न्यायालय इंदौर में दायर याचिका में पारित आदेश के परिपालन में परिपत्र क्रमांक 2 के माध्यम से स्पष्ट किया गया है कि परिपत्र के बिन्दु क्रमांक 3 एवं 4 अनुसार समस्त नियोजकों द्वारा परिवर्तनशील महंगाई भत्ते सहित देय न्यूनतम ववेतन का भुगतान नियोजित श्रमिकों/कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से किया जाना सुनिश्चित किया जाये। सहायक श्रम पदाधिकारी ने जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों से कहा है नियमानुसार कार्यवाही करते हुये आऊटसोर्स कर्मचारियों को परिवर्तनशील महंगाई भत्ते सहित न्यूनतम वेतन 01 अप्रैल 2024 से प्रदान किया जाये । कार्यवाही से श्रम पदाधिकारी कार्यालय को भी अवगत कराया जाये।

### बेमौसम बारिश में खुली नगर परिषद की सफाई व्यवस्था की पोल

# नौतपा के तीसरे दिन जमकर बारिश सड़कों पर बहा नालियों का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा





नौतपा की रविवार से शुरुआत हो गई। अनुमान था कि अगले 9 दिन तक सूरज उग्र रूप में रहेगा, जिससे धरती खूब तपेगी। लेकिन शुरुआत से ही नौतपा ठंडा रहे नौतपा के तीसरे दिन मंगलवार के दिन ही तो जमकर बरसे बादल फिर हुई बारिश वैसे सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा रहा। घने काले बादल छाए रहे जो दोपहर 3:30 बजे से लगभग 30 मिनट तक जमकर बरसे, फिर थम गए। भीषण गर्मी के लिए पहचाने जाने वाले नौतपा में आषाढ़ सा हाल है। बंगाल की खाड़ी से नमी आई तो करीब आधा घंटे तेज बारिश हुई तो सड़कें लबालब हो गई। इस तरह नौतपा में सूरज की तपन व लू की बजाय सड़कों पर नालियों की गंदगी एवं बदबू से लोग हैरान परेशान रहे आने वाले दिनों में भी नगर में तेज हवा व बारिश का अनुमान बताया है। ज्ञात होगी मंगलवार को नगर का साप्ताहिक बाजार रहता है जिसके कारण नगर एवं क्षेत्र के ग्रामीण ज्ञान काफी संख्या में नगर में पहुंचते हैं बारिश की वजह से लगभग 1 घंटे नगर की सड़के खाली रहे पानी रुकने के बाद ही लोगों ने अपना बाजार से सामान खरीदा बार बार मौसम में बदलाव व बादल छाने से इस बार जहां अप्रेल व गई माह पिछले वर्षों की तुलना में कम गर्म रहे तो नौतपा से तेज गर्मी की उम्मीद थी। लेकिन देश में समय से पहले मानसून आ जाने से नगर में श्री मानसून गतिविधि शुरू हो गई हैं। नौतपा के तीसरे दिन सुबह से धूप रही, दोपहर में अचानक घने बादल छा गए और फिर करीब आधा घंटे तेज बारिश हुई। नाले चौक रहने से सड़क पर गंदा पानी बहा वैसे 20 जून को मानसून जाना निर्धारित माना जाता है, लेकिन इस बार समय से पहले मानसून आने की संभावना है।नौतपा में इस बार गर्मी न पड़ने और तेज बारिश होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है, किसानों का मानना है इससे फसलो में बीमारियां बढ़ेगी।सुबह से धूप रहने से तापमान तो बढ़ा लेकिन अधिकतम तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री कम रहा, बारिश के बाद धूप निकलने से उमस बढ़ गई वहीं लोगों का कहना है बेमौसम बारिश ने नगर परिषद की साफ सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है क्योंकि अभी बारिश का दौरा शुरू भी नहीं हुआ है और नगर की नालियों में जमी गंदगी निकलकर बाहर आने लगी है जिससे प्रतीत होता है नगर में सफाई व्यवस्था किस तरह चल रही है।

# वट सावित्री व्रत पर संगोष्ठी कर पर्यावरण वैज्ञानिक एवं धार्मिक महत्व पर हुआ विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मुवार द्वारा जन अभियान परिषद के निर्देशन में एक भव्य ग्राम संगोष्ठी का आयोजन जबेरा जनपद के ग्राम मुवार मंदिर प्रांगण में किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य व्रत के धार्मिक पहलुओं के साथ-साथ इसके पर्यावरणीय एवं वैज्ञानिक महत्व को जन-जन तक पहुँचाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला समन्वयक सुशील नामदेव एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती वंदना जैन सहित संस्था के अध्यक्ष, सचिव, समिति के सक्रिय सदस्यगण, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, जागरूक युवा एवं संस्कार केंद्र के छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। साथ ही संगोष्ठी में लगभग 80 लोगों की सहभागिता रही जिसमें युवाओं व बच्चों की विशेष उपस्थिति उल्लेखनीय रही। संगोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने वट सावित्री व्रत के धार्मिक महत्व के साथ-साथ वृक्षों की पर्यावरणीय भूमिका पर प्रकाश डाला। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण, सीड बॉल निर्माण, प्रकृति पूजन जैसी गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरित किया गया। संगोष्ठी के उपरांत जिला समन्वयक सुशील नामदेव द्वारा नवांकुर संस्था द्वारा संचालित संस्कार केंद्र, वाचनालय, जनसूचना केंद्र एवं 1300 पौधों की नर्सरी का निरीक्षण किया गया। उन्होंने नर्सरी विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए और संस्था के प्रयासों की सराहना की।संगोष्ठी में वक्ताओं ने वट वृक्ष के औषधीय व वैज्ञानिक गुणों की चर्चा करते हुए बताया कि यह न केवल धार्मिक रूप से पूजनीय है बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी इसकी भूमिका अहम है। व्रत के माध्यम से महिलाओं का प्रकृति से जुड़ाव एवं संरक्षण भावना को भी रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्रामीणों को वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण हेतु सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित कर किया गया। संगोष्ठी के माध्यम से ग्रामीण समाज में पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

# दिव्य ज्योति कलश रथ का हुआ स्वागत

### अखंड ज्योति के दिव्य प्रकाश को जन जन तक पहुंचाना है यात्रा का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में चल रही अखण्ड ज्योति कलश यात्रा का ग्राम रसीलपुर में मंगलवार को भव्य स्वागत किया गया। यह यात्रा शांति कुंज, हरिद्वार में प्रज्वलित अखण्ड ज्योति के दिव्य प्रकाश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली गई यात्रा का आगमन रसीदपुर में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर सत्संकल्प का पाठ कराते हुए यात्रा के उद्देश्यों को स्पष्ट किया गया। बताया गया कि यह यात्रा परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के दिव्य अवतरण शताब्दी वर्ष 2026 की तैयारी स्वरूप आयोजित की जा रही है। ऋषियुग्म-पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के तप, त्याग और तितिक्षा के प्रतीक अखण्ड ज्योति के माध्यम से जन-जन को युग निर्माण के संदेश से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यात्रा में अखण्ड ज्योति कलश की। स्थापना के साथ सद्विचारों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पूज्य गुरुदेव द्वारा रचित साहित्य, अखण्ड ज्योति मासिक पत्रिका, युग निर्माण पत्रिका, गायत्री चालिसा, सत्संकल्प पत्रक, मंत्र लेखन पुस्तिका, बलिवैश्व पत्रक एवं सद्वाक्य स्टीकर वितरित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही स्वाध्याय एवं जीवन निर्माण की प्रेरणा दी जा रही है। यात्रा के दौरान युग निर्माण सत्संकल्प का पाठ कराते हुए 18 सूत्रों पर विशेष बल दिया गया, जिनमें व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण तथा राष्ट्र निर्माण की भावना को बल मिलता है। 'हम बदलेंगे-युग बदलेगा' एवं 'हम सुधरेंगे- युग सुधरेगा' जैसे प्रेरक सूत्रों को जनमानस के अंतःकरण में उतारने का प्रयास किया जा रहा है। शांतिकुंज के टोली नायक देवेंद्र चौरसिया छतरपुर ने बताया कि रथ क्रमांक 5 के माध्यम से हटा जनपद पंचायत के अंतर्गत जन जागरण एवं जनशताब्दी वर्ष 2026 के पूर्ण सफलता हेतु जागरूक किया जा रहा है। प्रातः कालीन बेला में मां कलेही माता के दरबार में एक कुंडीय गायत्री यज्ञ का कार्यक्रम उल्लासमय वातावरण में किया गया दोपहर में परिजनों ने दिव्य ज्योति कलश के दर्शन किये। गांव के लोगों में अच्छा उत्साह देखा गया।

दिव्य ज्योति कलश रथ में शांतिकुंज से संदीप विश्वकर्मा, सारथी विक्रांत सिंह भदोरिया, रजनीश चौरसिया, समयदानी कार्यकर्ता रथ के साथ चल रहे है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामस्वरूप दुबे, लीलाधर पटेल, गिरधर पटैरया, सुरेंद्र खरे, करनसिंह राजपूत, पं मदन गोपाल दुबे, रामकिशोर दुबे , डॉ रूप सिंह राजपूत, देव शंकर दीक्षित, डॉ गोपाल कुसमरिया ग्राम से घनश्याम चबोर, कोदूलाल पटेल, उमाकांत पटेल सहित अन्य ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# शनि जयंती पर शनि मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



**दमोह।** शनि जयंती के अवसर पर दमोह के एसपीएम नगर में स्थित प्रसिद्ध श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में शनि जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ धार्मिक वातावरण में मनाया गया। अमावस्या एवं वट सावित्री व्रत होने के साथ-साथ शनि जयंती होने पर मंगलवार को जिले के एकमात्र प्रसिद्ध श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में विशेष संयोग के साथ आई इस जयंती पर पूजन पाठ को लेकर भी भक्तजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही भक्तजन इस अवसर पर शनि देव को तेल से लेकर उड़द आदि चढ़ाकर पूजा कर रहे थे, साथ ही शनि मंदिर में दिनभर विविध आयोजनों का दौर चलता रहा। इस दौरान लगातार ही भक्तों का ताता लगा रहा। अमावस्या के दिन शनि जयंती के मौके पर मंगलवार को भक्तों ने जहां शनिदेव से सुख शांति समृद्धि की कामना की और अभिषेक हवन पूजन कर धर्म लाभ लिया। शाम 5 बजे से प्रारंभ हुए हवन में जहां हजारों की तादाद में भक्त जनों ने हवन कुंड में अपनी आहुतियां देकर शनि देव से शांति हेतु कामना की। शनि जयंती पर मुख्य यजमान के रुप मे कपिल खटीक द्वारा पूजन किया गया।शाम के समय मंदिर के पुजारी पं बालकृष्ण शास्त्री के मार्ग निर्देशन में महा आरती का आयोजन भी किया, जिसमें भी सैकड़ों की तादाद में भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर पं बालकृष्ण शास्त्री,प जागेश्वर तिवारी पं विनोद पांडे पं केशव रावत एवं प आचार्य आशुतोष गौतम शास्त्री ने बताया कि शनि जयंती का व्रत रखने से शनिदेव प्रसन्न रहते हैं। इस दिन संध्याकाल में शनि देव की उपासना और आराधना की जाती है तथा शनि मंदिर पहुंचकर शनि से संबंधित वस्तुओं का दान किया जाता है। इससे निश्चित ही कहें से निजात मिलती है। इस दिन नीलम, उड़द, तेल का पका हुआ अन्य, काली तिल, काला वस्त्र, लोहा, भैंस, काली गाय, काले जूते आदि का दान भी दिया जाता है। इसी प्रकार दमोह के एसपीएम नगर में भी स्थित श्री शिव शनि हनुमान मंदिर की स्थापना भी काशी सुमेरु पीठीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य नरेद्रानंद सरस्वती जी के द्वारा आज से 23 वर्ष पूर्व स्थापना की गई थी जिस कारण से इस मंदिर का भी विशेष महत्व है और यहां के भी चमत्कार ही बड़े निराले हैं। आज के दिन शनि जयंती का एक विशेष महत्व ही होता है, क्योंकि इस दिन अमावस्या और वट सावित्री व्रत होने से इसका बड़ा ही महत्व है। उन्होंने बताया कि जब जगतगुरु आद्य शंकराचार्य ने चारों धाम की स्थापना की थी तो उसी समय तप कर शनि महाराज को प्रसन्न कर शिडी के समीप शनि शिंगनापुर की स्थापना भी की गई थी।

## बोलेरो सहित पांच पेटी अबैध शराब जब्त



**सिंग्रामपुर।** भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा जबेरा के कार्यकर्ताओं पुलिस को सूचना देकर घेराबंदी करके दो आरोपियों के साथ सफेद बुलेरो सहित पांच पेटी अबैध शराब जप्त की अवैध नशा मुक्ति मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष देव सिंह जी किसान मोर्चा ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश सींग जी एवं संभागीय अध्यक्ष डॉ सुजान सिंह जी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह जी ने बताया कि सरकार ने जहां शराब दुकान खोलने एवं बेचने का लाइसेंस दिया है वहां से शाराब बेंचें लेकिन लाइसेंस धारी शराब दुकानदारो द्वारा अवैध रूप से शराब गांव-गांव पहुंचाई जाती है जिससे पूरे गांव क्षेत्र का माहौल खराब रहता है आए दिन लड़ाई झगडे महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले सामने आ रहे हैं गांव गांव आसानी से अबैध शराब मिलने से आए दिन हादसे घटित हो रहे हैं। भगवती कल्याण के सदस्यों द्वारा एक गांव से दूसरे ओर गांव गांव जा रही अबैध शराब को रोकने के लिए भगवती मानव कल्याण संगठन के लोग दिन-रात काम कर रहे है। इसी कड़ी में तहसील जबेरा के ग्राम कोंडाकला के पास सफेद बोलेरो जिसका नंबर MP34T0169 से पांच पेटी शराब जिसमें 100 पाव लाल मसाला एवं 150 पाव प्लेन सफेद सहित 6 बाटल पावर वियर टोटल 256 पाव के साथ आरोपी विनय यादव पिता गौरीशंकर यादव निवासी कटंगी जिला जबलपुर दुसरा सोनू पंडित पिता महेश दुबे निवासी मझौली जिला जबलपुर द्वारा सिंग्रामपुर शराब दुकान से कोंडाकला लेकर जा रहे थे संगठन की सदस्यों द्वारा पुलिस को सूचना देकर हरदुआ ग्राम के पास गाड़ी को पकड़ा पुलिस ने अबैध शराब के बोलोरो गाड़ी जप्त कर आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर मामला दर्ज कर आगे कार्रवाई की जा रही है। सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुडे ने बताया भगवती मानव कल्याण संगठन की सूचना पर अवैध रूप से शराब ले जा रहे वाहन को जप्त किया गया बोलेरो गाड़ी की कीमत दो लाख आकी गई। साथी ही शराब की कीमत टोटल 22840 रु.आकी ही गई है दो आरोपियों को हिरासत में लेकर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# यज्ञ व भंडारे के साथ ब्रह्मावैवर्त पुराण कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



हटा के समीप ग्राम पांजी में सप्त दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं ब्रह्मावैवर्त पुराण कथा का आयोजन आचार्य पंडित माधवेश ललित जी महाराज चित्रकूट धाम जी के मार्गदर्शन में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया गया था जिसका समापन मंगलवार को यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ किया गया। कथा के अंतिम दिवस कथा व्यास ने सात दिन तक चली कथा में भक्तों को श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ ब्रह्मावैवर्त पुराण कथा की महिमा बताई उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। कथा व्यास ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि पुराण कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। पुराण कथा से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथा समापन उपरांत हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित किया।

# सुन्दर काण्ड का हुआ आयोजन

**सगौनी।** म.प्र.जन अभियान परिषद के निर्देशन पर सेक्टर देवडोगरा की नवांकुर संस्था जय मां लक्ष्मी ग्रामोत्थान समिति पटेरिया ने बट सावित्री व्रत के उपलक्ष में शनि मंदिर मे सुन्दर काण्ड व संगोष्ठी का आयोजन कर अमावस्या के शुभ अवसर पर श्री रामलला एवं वट वृक्ष का पूजन अर्चन किया ग्राम की महिलाओं एवं समिति सदस्यों और ग्राम के नागरिकों द्वारा किया जिसमें समिति अध्यक्ष मुलाम राय ने बताया नदिया हमारी माता है वृक्ष हमारे देवता है हमें प्रकृति का एवं नदियों का संरक्षण करना चाहिए और जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अपने ग्राम के प्राचीन जल स्रोत का संरक्षण एवं संवर्धन करना बहुत जरूरी है एवं आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी को वृक्षारोपण करना है उपस्थित अजय राय, दिव्याश, दयाराम, राजेश, जीतू व सभी महिला पुरुषों एवं बच्चों को प्रकृति संरक्षण एवं जल संरक्षण करने हेतु शपथ दिलाई गई।



## खबर संक्षेप

### जर्जर घोषित अवसंरचना का उपयोग बंद करने निर्देश जारी

**दमोह।** उच्च न्यायालय जबलपुर ने बस ऑपरेटर्स को बारिश के पूर्व सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये जर्जर घोषित अवसंरचना का उपयोग बंद करने की निर्देश दिये हैं। जिला परिवहन अधिकारी श्री सोनी ने बताया एक याचिका में उच्च न्यायालय के आदेशानुसार बारिश के पूर्व यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये बस ऑपरेटर्स को 03 दिवस के भीतर उपयोग की जा रही जर्जर घोषित अवसंरचना का उपयोग बंद करने के निर्देश दिये हैं ताकि बस ऑपरेटर्स द्वारा उपयोग की जा रही जर्जर घोषित अवसंरचना में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### समग्र पोर्टल पर आधार ई-के.वाय.सी. करने की सरल प्रक्रिया बताई

**दमोह।** समग्र पोर्टल पर आधार ई.के.वाय.सी. करने की सरल प्रक्रिया में सर्वप्रथम https://samagra.gov.in पोर्टल पर जाये। दाहिनी साईट सबसे उपर "e-kyc करे" का विकल्प आयेगा। अपनी 9 अंक की समग्र सदस्य आई.डी. एवं कैप्चा की प्रविष्टि करके खोजे पर क्लिक करे। इसके बाद अपना 10 अंको का मोबाईल नम्बर की प्रविष्टि करके ओ.टी.पी. भेजे पर क्लिक करे। आपके मोबाईल पर ओ.टी.पी. आयेगा उसकी प्रविष्टि करके सबमिट करे। इसके बाद 12 अंक का आधार नम्बर की प्रविष्टि करे तथा चेक बाक्स पर क्लिक करके सबमिट करे।आपके मोबाईल पर आधार ओ.टी.पी. आयेगा उसकी प्रविष्टि करके सबमिट करे। आपके आधार एवं समग्र मे अंकित जानकारी प्रदर्शित हो जायेगी, यदि आप हिंदी मे नाम बदलना चाहते है तो हिंदी मे नाम लिखकर सबमिट करे। यदि आधार एवं समग्र मे अंकित जानकारी एक सी है तो तुरंत ई.के.वाय.सी. हो जायेगी अन्यथा ग्राम पंचायत सचिव/ वार्ड प्रभारी को आवेदन पहुच जायेगा।

### सर्पदंश से महिला की इलाज के दौरान मौत

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत दिनारी के कलुआ ग्राम में एक महिला की सर्पदंश से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार दसोदा पति सुल्तान सिंह लोधी उम्र 55 वर्ष को घर में काम करते वक्त रात में जहरीले सांप ने डंस लिया जिसके कारण महिला की हालत बिगड़ने लगी जिसके बाद परिजन महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों द्वारा चेकअप कर महिला को मृत घोषित कर दिया पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई करते हुए मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### चालक को नहीं लगी भनक, पुलिस कर रही मामले की जांच

# खड़े ट्रक के दोनों टायर व हब चुरा ले गये चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



तेंदूखेड़ा खाद लोड़ करने आए मेन सड़क के किनारे खडे. 14 चक्के के ट्रक को अज्ञात चोरो के द्वारा ट्रक ड्राईवर को बेहोश कर ट्रक के पीछे के दो टायर एवं टायरो को घुमाने बाला हव खोलकर ले गए। इसके अलावा ड्राइवर के जेव से फर्स भी निकालकर ले गए। ज्ञात हो कि ट्रक क्रमाक एमपी 20 एचबी 6418 सोमवार एवं मंगलवार की दरम्यानी रात लगभग साढे 12 बजे खाद लेने तेन्दूखेड़ा आया था जिसे आज सुबह खादय लोड़ करके हटा ले जाना था लेकिन ट्रक ड्राइवर ने ट्रक को एक्सीलेंस स्कूल के पास रात में खड़ा करके ट्रक में ही सो गया था। इसी दौरान अज्ञात चोरो ने ट्रक में जेक लागकर दोनो टायर एवं हव खोलकर ले गए। ट्रक ड्राइवर राहुल अठ्ठाया ने बताया कि ट्रक को खड़ा करने के बाद लगभग रात 1 बजे तक में जगता रहा लेकिन उसके बाद मेरी नींद लग गई। जब सुबह पल्लेदारो ने आकर मुझे जगाया तो देखा कि ट्रक के अंदर सभी कागजात बिखरे पडे. थे मेरे जेब से भी फर्स गायब था और ट्रक के पीछे के दोनो टायर एवं हब निकाल कर ले गए थे साथ ही ट्रक को सीमेन्ट के गिटटे पर खड़ा करके चले गए। लगभग 90 हजार रूपए का नुकसान हुआ है। मुझे भी अज्ञात चोरो के द्वारा किसी स्प्रे से बेहोश कर दिया था। जिस कारण मेरी नींद नहीं खुली थी। मेंने तेंदूखेड़ा थाने में इसकी रिपोर्ट की है जिसके एवज में पुलिस बालो ने सिर्फ आवेदन लिया है।

#### कैमरों में नहीं दिखे चोर

वहीं नगर में नगर परिषद द्वारा लाखों रुपए खर्च कर नगर की निगरानी करने के लिए लगाए गए कैमरे कुछ काम के नही है आज तक इन कैमरों से कोई भी चोर और घटनाओ में सफलता नहीं मिली है आज भी ऐसा ही हुआ है जिस स्थान पर ट्रक के टायर चोरी हुई है। उससे कुछ ही दूरी पर नगर परिषद के दो कैमरे लगे हुए हैं। लेकिन इन कैमरों में चोरी की घटना कैद नहीं सकी क्योंकि कैमरों की नजर पड़ने के पहले ही नगर की स्टे लाइट की रोशनी से घटना कैमरों में कैद नहीं हो पाई जिसके कारण अज्ञात चोरों का कुछ पता नहीं चल सका है में 9 लोगों की सुविधाओं । इस संबंध में थाना प्रभारी नीतेश जैन ने कहां है कि घटना स्थल के सभी आसपास के सीसीटीब्ही केमरो का खंगाला जा रहा है। साथ ही मामले की विवेचना की जा रही है।

### पुराना जमीनी विवाद बना वजह

# लाठियों से पीटकर कर दी युवक की हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराने जमीनी विवाद के चलते एक युवक की तीन लोगो द्वारा मारपीट कर हत्या करने का सनसनीखेज मामला आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बटियागढ़ थाना क्षेत्र के धरम की टपरिया इलाके में 28 वर्षीय देवी सींग लोधी का जमीनी विवाद गांव के ही कुछ लोगो से चल रहा था। दो दिन पूर्व भी उसकी आरोपियों से विवाद हुआ था। गत दिवस जब देवी सींग अपने घर से ट्रेक्टर से निकला तो आरोपियों ने उसे रोककर लाठियों से जमकर पीटा। मारपीट के बाद जब परिजनों को जानकारी लगी तो वे उसे अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टर ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पीएम के लिये भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि दो दिन पहले ही आरोपियों से विवाद हुआ था एवं पुराना जमीनी विवाद चल रहा था। पुलिस ने मंगलवार सुबह शव परिजनों को सौंप दिया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने आरोपियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर बटियागढ़ बाईपास के आगे शव रखकर जाम के हालात निर्मित कर दिये। पुलिस व प्रशासन के आश्वासन के बाद परिजनों ने जाम समाप्त कर शव को अंतिम संस्कार के लिये ले गये। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# दस घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा गया भालू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

ल्ले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा मडिया में मंगलवार की सुबह एक भालू/ रीछ ने जमकर आतंक मचाते हुए सुबह से 2 से 3 लोगों को बुरी तरह घायल कर दिया था। जिसे करीब 10 घंटे की मसक्कत के बाद रीवा वन विभाग की टीम द्वारा रेस्क्यू कर पकड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सेमरा मड़िया में एक रीछ ने दो लोगों पर हमला कर आतंक मचाए हुए था। जिसका रेस्क्यू कर वन विभाग और एसडीआरएफ टीम प्रभारी प्राची दुबे के द्वारा कर पकड़ने का प्रयास किया जा रहा था। सुबह जैसे ही खबर मिलने पर तत्काल ही वन मंडल अधिकारी डीएफओ ईश्वर जरांडे के निर्देश पर वन रेंजर विक्रम चौधरी और सागोनी वन विभाग, एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस रेस्क्यू करने में जुट गई थी। भालू/रीछ के हमले में घायल हुए धन सिंह उम्र 60 वर्ष और लाखन सिंह ठाकुर उम्र 56 वर्ष निवासी सेमरा मडिया का इलाज दमोह जिला अस्पताल में जारी है। दोनों को वन विभाग के अधिकारियों ने पहुंच कर तत्काल ही ने 1000-1000 की राशि देकर इलाज कराया जा रहा है। वही दमोह की वन विभाग टीम द्वारा भालू को पकड़ने का अपने स्तर से प्रयास किया जा रहा था लेकिन अभी तक सफलता हासिल नहीं हुई है। बताया जाता है कि भालू को पकड़ने के लिए रीवा से टीम बुलाई गई थी जिसके द्वारा भालू का रेस्क्यू किया जा रहा था। किन्तु टीम को छकाते हुए भालू एक पेड़ पर जाकर चढ़ गया जिसे वन विभाग की टीम ने इंजेक्शन देकर करीब 10 घंटे से आतंक का पर्याय बने भालू को पकड़ने में सफलता प्राप्त की।

# शौच कर वापस लौट रही महिला को कार ने मारी टक्कर, मौत

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार की शाम 8 बजे तेजगढ़ थाना क्षेत्र की इमलिया चौंकी अंतर्गत आने वाले अर्थखेड़ा गांव में एक महिला की ईको कार की टक्कर में मौके पर ही दर्दनाक मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार फुलरानी पति गंगाराम विश्वकर्मा उम्र 70 निवासी अर्थखेड़ा थाना इमलिया चौंकी निवासी हैं। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार महिला शौच करने के लिए गई थी जहां से वापस लौट समय इको कार चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए महिला को पीछे से टक्कर मार दी हादसे में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही इमलिया चौंकी प्रभारी पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और शव को उठाकर जिला अस्पताल भेजा गया जहां पर मंगलवार की सुबह महिला का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया इमलिया चौंकी पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है ईको कार को जब्त कर लिया गया है।

### सरपंच के साथ महिलाओं ने पुलिस चौकी में दिया आवेदन

# गांव का माहौल खराब कर रहे शराबी, मचा रहे उत्पात

**नरसिंहगढ़।** ग्राम मडला ढिगसर में अवैध शराब को लेकर महिलाएं चौकी पहुंची जहां पर लिखित आवेदन सौंपा अवैध शराब व शराबियों के उत्पात से निजात दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि खुलेआम 24 घंटे अवैध शराब बिक रही है जिसके कारण ग्राम के कुछ लोग 24 घंटे शराब पीकर गंदी-गंदी गालियां देते हैं। महिलाओं को मुंह छुपा कर निकालना पड़ता है। ग्राम में यहा वहा शराबी बैठे रहते हैं व गालियों



देते है। मजबूर होकर ग्राम के लोगों ने सरपंच से कहा ग्राम में शराब बंद करवा दी जाए। सरपंच ने आश्वासन दिया लेकिन दूसरे ही दिन फिर वही मामला सामने आया। सरपंच एक दुकान पर बैठे हुए थे तभी एक शराबी आया और गंदी-गंदी गालियां देने लगा। एक बुजुर्ग के साथ मारपीट भी करने लगा। सरपंच ने रोकने की कोशिश की तो सरपंच को धक्का मुक्की की एवं पूरे ग्राम को लोगों को गाली देने लगा। सरपंच ने रोकने की कोशिश की लेकिन शराबी ने हरिजन एक्ट लगने की धमकी दे डाली। ग्राम वासियों को यही धमकी शराब पीकर हमेशा से देते आ रहा है। ग्राम सरपंच ने ग्राम की महिलाओं व पुरुषों के साथ देर रात नरसिंहगढ़ पुलिस चौकी पहुंचे कर लिखित आवेदन दिया है बताया कि संजय बंसल पिता बद्री बंसल शराब पीकर आए दिन गाली गलोज करता है जिससे गांव का महौल खराब हो रहा है। पुलिस को आवेदन देने पहुंचे सरपंच रमेश पटेल के साथ रामरतन, मुन्नालाल, रामेश्वर पटेल, लक्ष्मण पटेल, सविता केसरबाई, बुरी सुमित रानी, बज्जू खान, भागचंद गोरेलाल सहित सैकड़ो की संख्या में लोगों ने मिलकर आवेदन दिया।

# 27 वाहनों पर की गई चालानी कार्यवाही

**दमोह।** जिला दमोह अंतर्गत यातायात पुलिस दमोह द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक को श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देश पर निरीक्षक दलबीर सिंह एवं स्टाफ द्वारा नगर के सागर नाका पर सघन वाहन चैकिंग कर 27 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। उक्त 27 वाहनों पर कार्यवाही कर 27500 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। विगत दिनांक को एक वाहन में क्षमता से अधिक भार पाए जाने पर प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा 50,000/- का जुर्माना लगाया गया। आज दिनांक को भी एक ट्रक में क्षमता से अधिक भार पाए जाने पर थाना यातायात द्वारा 15,000/- का प्रशमन शुल्क वसूला गया।

# लव जिहाद का मामला, लॉज में लड़के के साथ लड़की को पकड़ा

**हटा।** नगर में सोमवार की रात्रि खचना नाका के पास पार्क के सामने संचालित अग्रवाल लॉज में मुस्लिम लड़के के साथ एक हिंदू धर्म की युवती को बजरंग दल और हिंदू संगठनों की कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामले की सूचना लगते ही नगर में खबर आग की तरह फैल गई और बड़ी संख्या में हिन्दू संगठनों के सदस्य होटल के बाहर जमा हो गए। मामला लव जिहाद को लेकर बताया जा रहा है। दरअसल मामले में हिन्दू संगठनों के लोगो का कहना है कि दोनों युवक-युवती हटा नगर में होटल का पता करते घूम रहे थे जिससे संगठन के सदस्यों को शक हुआ तो उन्होंने दूर से पीछा करना शुरू कर दिया और अग्रवाल लॉज पहुंचने पर दोनों को पकड़कर हटा थाना पुलिस को मौके पर बुलाया गया है जहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को पुलिस थाना ले गई। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर पकड़ा गया युवक सागर निवासी बताया गया वहीं युवती पवई जिला पन्ना की निवासी बताई गई है, फिलहाल दोनो से हटा पुलिस पूछताछ कर जांच कर रही है दोनो के परिजनों को बुलाया जा रहा है ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके। बहरहाल लॉज में हिंदू मुस्लिम युवक युवती के पकड़े जाने और लव जिहाद से जुड़े होने की खबर को लेकर मंगलवार को नगर का बाजार तरह-तरह की चर्चाओं से गर्म देखा गया।

# अप-डाउन पर नही लग पाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

जब तक पथरिया अनुविभागीय नही था तो सबने सोचा कि अनुविभागीय मुख्यालय बन जाए तो शायद अधिकारी सब यही रहेंगे तो आम जनता को सुविधा होगी लेकिन अनुविभागीय मुख्यालय बनें 11 वर्ष से ज्यादा समय हो गया फिर भी व्यवस्था में कोई सुधार नही हुआ जैसे पहले वैसे अब चल रहा है 11 वर्ष बीतने के बाद भी विभाग प्रमुख अधिकारी मुख्यालय पर निवास नही करते अधिकारियों को जिला मुख्यालय पर निवास करना ज्यादा पसंद है हालांकि शासकीय वाहन सुविधा होने से सभी अपने वाहनों का उपयोग कर रहे दिक्कत है तो सिर्फ कुछ विभाग प्रमुख जिनको शासन द्वारा शासकीय वाहन सुविधा उपलब्ध नही है जिससे स्वयं का खर्चा करना पड़ता है ऐसे ही कर्मचारी को तो अपने स्वयं के वाहनों का उपयोग करना पड़ता है क्षेत्रीय जनता को अपनी समस्या के लिए जनप्रतिनिधि से मिलना हो तो जिला मुख्यालय जाए क्षेत्रीय विधायक मंत्री होने के कारण समय का अभाव रहता है जिससे मंत्री जी का कार्यालय दमोह में हैं और अधिकारी से मिलना है तो कार्यालय समय का इंतजार करें वह भी जरूरी नही कि वह समय पर आयेंगे हां लेकिन एक बात जरूर है कि समय पर आए भले नही जाने का समय तय रहता है हालांकि अब तो आम जनता यह स्वयं कहने लगी कि पथरिया में क्षेत्रीय विधायक मंत्री बने 17 महीने हो रहें फिर भी जब कोई बदलाव नही तो अब मुश्किल ही कुछ बदलाव हो वर्तमान परिस्थितियों में तो ऐसा माहौल बना हुआ है कि सच में यहां की जनता भगवान भरोसे है।

### तीन माह से पानी की विकराल समस्या से परेशान हैं ग्रामवासी

# दो दिन में पानी की व्यवस्था नहीं हुई तो धरना पर बैटेंगे नन्ही देवरी के ग्रामवासी



**तेंदूखेड़ा।** विगत तीन माह से पानी के लिए संघर्ष कर रहे ग्राम नन्ही देवरी के ग्राम वासी आखिरकार प्रशासन के करण हारने को मजबूर है क्योंकि निरंतर पत्राचार करने के बाद भी प्रशासन द्वारा पानी की समस्या हल नहीं की गई जिसके कारण ग्रामवासी धरना प्रदर्शन करने को मजबूर है हालात यह हो गए हैं कि जिस कुआं के पानी से ग्राम वासियों का जीवन चलता था वह भी सूख गया है लेकिन प्रशासन द्वारा ग्राम वासियों के हालात सुधारने हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए ग्राम पंचायत द्वारा सुबह शाम टैंकर से पानी दिया जा रहा था लेकिन वह भी बंद कर दिया गया है जल निगम द्वारा पाइपलाइन बिछाया तो गया है लेकिन मुख्य लाइन से कनेक्शन न होने के कारण पानी आदिवासी टोला नन्ही देवरी नहीं पहुंच पा रहा है जिसके कारण ग्राम वासियों के समक्ष पानी की विकराट समस्या निरंतर बढ़ती जा रही है जबकि पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी तहसील तेंदूखेड़ा सहित अन्य अधिकारी ग्राम नन्ही देवरी पहुंचकर पानी की समस्या के संबंध में लोगों के साथ बैठक की गई थी आश्वासन दिया गया था कि एक सप्ताह के भीतर आप सभी को पानी मिलना प्रारंभ हो जाएगा लेकिन दो माह का समय बीत जाने के बाद भी पानी नही पहुंचा जिसके कारण ग्राम वासियों का मनोबल टूट गया ग्राम वासियों का कहना है कि उच्च अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी हमारे ग्राम में पानी नहीं पहुंच पाया यह सबसे बड़ी निराशा जनक वात है ऐसा लगता है कि अधिकारी नहीं चाहते कि आदिवासी टोला नन्ही देवरी में पानी पहुंचे अशोक ठाकुर ने बताया कि अब हम लोग किसी पर भरोसा नहीं कर सकते हैं हमारी लड़ाई निरंतर जारी रहेगी नेहा बाई ने बताया कि पानी नहीं मिलने के कारण हम लोगों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए दो दिवस में पानी की व्यवस्था नहीं की जाती है तो हम सभी धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन करेंगे जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि ग्राम नन्ही देवरी में पेयजल व्यवस्था के संबंध में कई बार प्रशासन को अवगत करा चुके हैं इसके बाद भी समस्या हल नहीं की जा रही है जो चिंता का विषय है विगत तीन माह से निरंतर पानी के लिए लड़ रहे हमारे आदिवासी भाइयों के साथ प्रशासन द्वारा अनदेखी की जा रही है जिसके कारण हम लोगों के पास केवल धरना प्रदर्शन करना ही शेष विकल्प बचता है इसलिए दो दिवस के अंदर पानी की उचित व्यवस्था नहीं होती है तो हम सभी मिलकर धरना प्रदर्शन करेंगे क्योंकि इस मामले के संबंध में उच्च अधिकारियों को संपूर्ण जानकारी है इसके बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है उन्होंने बताया कि हमारे आदिवासी भाइयों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है पानी के बिना कोई व्यक्ति कितने दिन रह सकता है पानी न होने के कारण ग्राम वासियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस अवसर पर प्रभु सींग,गोकल मरावी, राजकुमार, फूल सींग, गुलाब रानी, प्रकाश रानी, कमलेश रानी, रोशनी, माया रानी, नेहा, दुर्गाप्रसाद, इन्दु, कमोद सिंह, महेश, पप्पू ठाकुर, कृष्ण,सरोज रानी, अंजनी, कुंअर रानी, उमारानी सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# अहिल्याबाई जयंती पर किये आयोजन



**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में आज दिनांक 27 मई को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन प्राचार्य डॉ. जी. पी .चौधरी के मार्गदर्शन एवं संयोजक डॉ. अवधेश जैन के निर्देशन में किया गया । जिसमें सर्वप्रथम देवी अहिल्याबाई: जीवन और दर्शन विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें निबंध प्रतियोगिता में प्रथम सृष्टि पटेल बीएससी प्रथम वर्ष, द्वितीय किरण खंगार बीए द्वितीय वर्ष, तृतीय भूमि सोनी बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया । इसी तरह चित्रकला प्रतियोगिता में पिंकी प्रजापति बीएससी तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, अंजलि विश्वकर्मा बी ए तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं रेखा काक्षी बी ए तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ. जी. पी .चौधरी ने लोकमाता अहिल्याबाई के लोक कल्याणकारियों की विस्तृत विवेचना की । डॉ अवधेश जैन ने कहा लोकमाता ने धार्मिक, सामाजिक ,शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया है ।डॉ. एन पी नायक ने कहा उन्होंने अपने राज्य में न्याय और सुशासन स्थापित करने के लिए विभिन्न प्रयास किए हैं। इस अवसर पर डॉ. डी. के. नेमा,डॉ.असलम खान डॉ. ममता संघी, डॉ आरती सोनी एवं महाविद्यालय परिवार के सभी प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# सुनार में अवैध खनन रोकने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर की जीवनदायिनी सुनार नदी में खनिज माफियाओं द्वारा दिन रात रेत का खनन कर नदी को खोखला किया जा रहा है एवं स्टाप डेम के गेट तोड़े जाने से सप्ताह भर नगर में पानी की समस्या देखी गई लेकिन जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गई नतीजतन रविवार की देर रात सुनार नदी पर गडिया के पास विजयगढ़ में बने स्टाप डेम के गेट को रेत माफियाओं द्वारा तोड दिया गया जिससे नदी के जल स्तर में अचानक गिरावट आ गई जिससे लाल टेक और शास्त्री वार्ड गडिया के निवासियों ने एसडीएम एवं थाना प्रभारी हटा को एक आवेदन सौंपकर बताया कि देर रात खनिज माफिया शुभम शर्मा,गोलू यादव,रतन सींग लोधी ने सब्बल मारकर गेट तोड दिए जिससे नदी खाली हो गई लगी और फसलें सूखने लगी है, सब्जी की फसल में सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है। नदी में मछलियों के लिए पानी की कमी से मौत हो रही है। रामकुमार यादव ने बताया कि पिछले आठ महीने में करीब एक हजार से अधिक ट्राली रेत निकाल ली गई है लेकिन अधिकारीयों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई वहीं शिकायत करते हैं तो माफिया लड़ाई झगडे करने आ जाते हैं कहीं कोई सुनवाई नहीं होती है। माफियाओं द्वारा करीब दो किलोमीटर नदी में लगातार खनन किया जा रहा है क्योंकि उन्हें राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है। जब भी पानी का जल स्तर बढ़ता है तो डेम के गेट रात में खोल दिए जाते हैं जिससे हम लोग सब्जी की खेती नहीं कर पा रहे हैं जबकि हारट पुल से प्रतिदिन अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है लेकिन कोई रोक-टोक नहीं करता। करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने पुलिस थाना एवं एसडीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।